**दिनांक : 03.06.2024** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- राज्य सरकार का पहला पूर्ण बजट विधानसभा में पेष, बजट में कोई नया टैक्स नहीं।
- बजट में पुलिस विभाग में 7 हजार 500 पदों पर होगी भर्ती, 3 नये मेडिकल कॉलेज की मिलेगी सौगात।
- मुख्यमंत्री ने बजट को बताया जनमन की आकांक्षाओं का बजट, कांग्रेस ने कहा गरीब विरोधी है बजट।
- भोपाल सहित प्रदेष के कई जिलों में भारी बारिष का दौर जारी।

**प्रदेश–बजट**

विधानसभा में डॉ. मोहन यादव सरकार का पहला पूर्ण बजट आज पेश किया गया। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने 3 लाख 65 हजार 67 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया जो पिछले बजट से 16 फीसदी अधिक है। वित्त मंत्री श्री देवड़ा ने अपने बजट भाषण में प्रदेश को तीन नए मेडिकल कॉलेज खोलने और पुलिस में 7500 पदों पर भर्ती करने का ऐलान किया गया है। केंद्रीय सहायता के तौर पर प्रदेश को 15000 करोड़ रुपये अधिक मिलेंगे। बजट में पेयजल व्यवस्था के लिए 10279 करोड़ रुपये का प्रावधान हुआ।

बजट में सरकार ने कोई नया कर नहीं लगाया है। पीएम ई–बस योजना के तहत छह शहरों में 552 ई बसें चलाई जाएंगी। ये ई–बसें इंदौर, भोपाल, जबलपुर,ग्वालियर, उज्जैन व सागर में चलेंगी। इस साल मंदसौर, नीमच व सिवनी में सरकारी मेडिकल कॉलेज शुरू किए जाएंगे। ई–विधायक ऑफिस बनेंगे। इसके लिए विधायक को पांच लाख रुपये दिए जाएंगे। ओंकारेश्वर में 100 मेगावॉट का सोलर प्लांट लगाने की योजना है।

वितमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के रिटायर होने के बाद भविष्य निधि तुरंत मिलेगी। साथ ही 50 करोड़ रुपये तीर्थदर्शन योजना के लिए दिए जाएंगे। सिंहस्थ 2028 के लिए उज्जैन शहर में बाइपास तथा शहर में सभी मार्गों को फोरलेन और 8 लेन की सड़क प्रस्तावित है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 2000 किलोमीटर सड़क का नवीनीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि 2025–26 तक 65 लाख हेक्टेयर और 2028–29 तक एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र को संचित करने का लक्ष्य रखा गया है। पार्वती, काली सिंध, चंबल नदी लिंक परियोजना निर्माण की सहमति बनाई गई है।

इससे प्रदेश के 10 जिलों में चार लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता निर्मित होगी और पेयजल मिलेगा सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण व संधारण के लिए 13 हजार 596 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है।

बजट में महिलाओं, युवाओं, किसानों और वंचितों सहित समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। स्वास्थ्य केंद्रों के लिए सरकार 21 हजार 144 करोड़ रुपये खर्च करेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि पांच जिलों में आयुर्वेद अस्पताल बनेंगे। 'मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना' और 'मुख्यमंत्री–लक्ष्मी योजना' के लिए सरकार ने 36 हजार 560 करोड़ रुपए मंजूर किए गये हैं।

बजट में शिक्षा के लिए 22 हजार 600 करोड़, स्वास्थ्य के लिए 21 हजार 144 करोड़, खेल के लिए 586 करोड़, तीर्थ दर्शन योजना के लिए 50 करोड़, वन और पर्यावरण के लिए 4 हजार 725 करोड़, गोशाला के लिए 250 करोड़, महिला स्व–सहायता समूहों को बड़े बाजारों से जोड़ने के लिए 800 करोड़ और पीएम आवास योजना के लिए 4 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**बजट प्रतिक्रिया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस बजट को सबको बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने वाला सर्वस्पर्शी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक जन–मन की आशाओं–आकांक्षाओं को पूर्ण करने वाला, जनकल्याणकारी बजट।

राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट को जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने समावेशी और संतुलित विकास की दिशा में एक अतुलनीय बजट बताया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि ऊर्जा विभाग के लिए इस वर्ष 19 हजार 406 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में एक हजार 46 करोड़ रूपये अधिक है। महिला–बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि बजट मातृ–शक्ति को संबल और सम्मान प्रदान करने वाला बजट है। सुश्री भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए 18 हजार 984 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बजट को सर्वजन हितैषी बजट बताया। बजट में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लिये 10 हजार 289 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश तीन सी की सरकार है, जिसने कर्ज, क्राईम और करप्शन से अपना नाता जोड़ा है। श्री पटवारी ने इसे गरीब विरोधी सरकार का बजट बताया है।

**पीएम राज्यसभा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मणिपुर, नीट पेपर लीक समेत कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने बताया कि सरकार मणिपुर में हालात सामान्य बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने उपद्रवियों को कड़ा संदेश भी दिया। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार सभी से बातचीत करके सौहार्द का रास्ता खोलने की लगातार कोशिश कर रही है। श्री मोदी ने नीट पेपर लीक मामले पर छात्रों को आश्वासन देते हुए आरोपियों को कड़ी सजा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं भारत के युवाओं को आश्वस्त करता हूं कि नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सख्त सजा मिले, इसके लिए एक्शन लिए जा रहे हैं। दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के बाद, सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल कर दी है।

**मौसम**

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश का दौर जारी है। आज भी भोपाल, इन्दौर, शाजापुर, षिवपुरी, जबलपुर सहित कई जिलों में मध्यम से तेज बारिष हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में दो सिस्टम एक्टिव हैं। जिससे आने वाले दिनों में भी बारिष जारी रहेगी। भोपाल में अब तक दस इंच से अधिक बारिष हो चुकी है। वहीं इन्दौर 8 इंच तक पानी गिर चुका है।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- राज्य सरकार का पहला पूर्ण बजट विधानसभा में पेष, बजट में कोई नया टैक्स नहीं।
- बजट में पुलिस विभाग में 7 हजार 500 पदों पर होगी भर्ती, 3 नये मेडिकल कॉलेज की मिलेगी सौगात।
- मुख्यमंत्री ने बजट को बताया जनमन की आकांक्षाओं का बजट, कांग्रेस ने कहा गरीब विरोधी है बजट।

और

- भोपाल सहित प्रदेष के कई जिलों में भारी बारिष का दौर जारी।

**इस बुलेटिन में बस इतना ही, नमस्कार।**

-----------------